लोक सभा अध्यक्ष पणजी (गोवा) में पांचवें भारत क्षेत्र राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) सम्मेलन का शुभारंभ करेंगी

पणजी (गोवा) 11 फरवरी, 2015 : माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन, जो राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र की कार्यकारी समिति की अध्यक्ष हैं, 12 फरवरी, 2015 को पणजी (गोवा) में पांचवें भारत क्षेत्र राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) सम्मेलन का शुभारंभ करेंगी। आरंभिक सत्र में अन्य लोगों के साथ-साथ गोवा के मुख्य मंत्री, श्री लक्ष्मीकांत पार्सेकर और गोवा विधान सभा के अध्यक्ष, श्री राजेन्द्र आर्लेकर भी विशिष्ट सभा को सम्बोधित करेंगे।

सम्मेलन में सीपीए भारत संघ शाखा के प्रतिनिधियों में राज्य सभा के उप सभापति, प्रो पी जे कुरियन; लोक सभा के उपाध्यक्ष, डॉ एम तंबिदुरै; श्री हुकुमदेव नारायण यादव, संसद सदस्य, लोक सभा और राज्य सभा के सदस्य, श्री अनंग उदय सिंह शामिल हैं। इनके अतिरिक्त, लोक सभा के महासचिव श्री अनूप मिश्रा जो सीपीए भारत क्षेत्र की कार्यकारी समिति के सचिव हैं, इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

इस सम्मेलन के प्रतिभागियों में भारत की 31 राज्य सीपीए शाखाओं के पीठासीन अधिकारी और सचिव शामिल होंगे। सम्मेलन में प्रमुखतः 'संसदीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करना' विषय पर विचार किया जाएगा और निम्नलिखित दो विषयों पर चर्चाएं होंगीः

(i) सुशासन के लिए संसदीय प्रक्रियाओं और साधनों का पूर्ण उपयोग तथा लोक हित के मामलों में समुचित कार्यवाही करना; और

(ii) विधायक और उनकी प्रातिनिधिक भूमिकाः विधानमंडल के निर्विघ्न कार्यकरण की आवश्यकता।

भारत ने, जो सी पी ए का सक्रिय सदस्य है, वर्ष 2005 में सी पी ए के पृथक क्षेत्र की स्थापना की। इस क्षेत्र में भारत संघ (भारत की संसद) और 31 राज्य सी पी ए शाखाएं शामिल हैं। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का उद्देश्य संसदों और विधानमंडलों के बीच सहयोग को सुदृढ़ करना है और ये साझे हितों, विधि के शासन के लिए सम्मान और मानव अधिकारों और स्वतंत्रता नाते से जुड़े हुए हैं।

इस सम्मेलन की मेजबानी गोवा राज्य सी पी ए शाखा द्वारा 12 से 13 फरवरी 2015 को की जा रही है।